

पेशे से फार्मासिस्ट है विनी

विनी ने भी इस तस्वीर को इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है और उन्होंने अपने फैन्स को सगाई की यह बात भी साफ–साफ बताई है। विनी ने लिखा, बीते सप्ताह मुझे सबसे प्यारे लगने वाले व्यक्ति ने उससे पूछा शादी करोगी? इसके बाद विनी ने खुशी और रिंग का इमोजी बनाकर हैशटैग के साथ येस लिखा है। बता दें विनी ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में सेटल हैं और पेशे से फार्मासिस्ट हैं।

## ग्लेन मैक्सवेल ने भारतीय गर्लफ्रेंड से की सगाई, ट्विटर पर फैन्स को बताया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के विस्फोटक बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल ने अपनी भारतीय गर्लफ्रेंड विनी रामन के साथ शादी का फैसला किया है और इस जोड़े ने बीते सप्ताह सगाई भी कर ली है। ग्लेन मैक्सवेल और उनकी मंगेतर विनी ने अपने–अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस बात को अपने फैन्स और संबंधियों से साझा भी किया है। मैक्सवेल और विनी काफी समय से एक–दूसरे को डेट कर रहे थे और अब उन्होंने शादी के बंधन में बंधने का फैसला लिया। मैक्सवेल ने विनी के साथ अपनी एक तस्वीर साझा की है, जिसमें विनी ने सगाई की अंगूठी पहनी हुई है। विनी ने अंगूठी दिखाते हुए पोज दिया है। मैक्सवेल ने इस तस्वीर के साथ रिंग वाला इमोजी पोस्ट किया है। अगर आपके मन में अभी भी उत्सुकता यह है कि भले मैक्सवेल ने इशारा सगाई का किया हो, लेकिन अभी तक कुछ कहा नहीं है तो विनी रामन के इंस्टाग्राम अकाउंट पर जाकर आपको इस प्रश्न का हल मिल जाएगा।

# आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में विराट कोहली पहले स्थान से खिसके

क्रिकेट

## अजिंक्य रहाणे और मयंक अग्रवाल को हुआ फायदा, पुजारा भी खिसके

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दुबई। विराट कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वेलिंग्टन में पहले टेस्ट की दोनों पारियों में सिर्फ 21 रन बनाकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (प्ब्ब्) की टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान गंवा दिया है। कोहली की रैंकिंग में इस गिरावट का फायदा उनके प्रतिद्वंद्वी ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ (911 अंक) को हुआ है। कोहली 906 अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। अजिंक्य रहाणे, चेतेश्वर पुजारा और मयंक अग्रवाल इस सूची में क्रमशरू 8वें, 9वें और 10वें पायदान पर हैं। पहले टेस्ट में 75 रन बनाने वाले भारतीय उपकप्तान रहाणे को एक स्थान का फायदा हुआ है। दो टेस्ट की इस सीरीज का पहला मैच टीम इंडिया ने 10 विकेट से गंवा दिया था।

मयंक अग्रवाल ने दूसरी पारी में



अर्धशतक सहित 92 रन जुटाकर करियर की सर्वश्रेष्ठ 10वीं रैंकिंग पर वापसी की है। पुजारा दोनों पारियों में 11–11 रन बनाने के बाद दो स्थान नीचे खिसक गए हैं। कोहली के खिसकने से ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ एक बार फिर शीर्ष पर पहुंच गए हैं। जून 2015 में पहली बार दुनिया के नंबर एक टेस्ट बल्लेबाज बने स्मिथ 8वीं बार शीर्ष पर पहुंचे हैं।

स्मिथ और कोहली के अलावा पिछली बार केन विलियमसन दिसंबर 2015 में आठ दिन के लिए दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज बने थे। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली पारी में 99 रन देकर तीन विकेट चटकाने वाले आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन गेंदबाजी सूची में एक स्थान के नुकसान से नौवें पायदान पर हैं। वह 765 अंक के साथ शीर्ष 10 में एकमात्र भारतीय गेंदबाज हैं। चोट के बाद वापसी करते हुए पहले टेस्ट में पांच विकेट चटकाने वाले तेज गेंदबाज इशांत शर्मा एक स्थान के फायदे से 17वें स्थान पर हैं। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों टिम साउदी और ट्रेंट बोल्ट को रैंकिंग में काफी फायदा हुआ है, जिन्होंने भारत के खिलाफ पहले टेस्ट में क्रमशरू नौ और पांच विकेट चटकाए थे। साउदी आठ स्थान के फायदे से छठे नंबर पर पहुंच गए हैं। जून 2014 में करियर की सर्वश्रेष्ठ पांचवीं रैंकिंग के बाद यह साउथी की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। बोल्ट चार स्थान के फायदे से संयुक्त 13वें स्थान पर हैं। ऑलराउंडरों की सूची में रविंद्र जडेजा और अश्विन क्रमशरू तीसरे और 5वें स्थान पर हैं। जडेजा पहले टेस्ट में नहीं खेले थे, जबकि शून्य और चार रन की पारी खेलने वाले अश्विन को एक स्थान का नुकसान हुआ है।

# वेलिंग्टन में हारे तो भारतीय खिलाड़ियों की तस्वीर देखकर बिगड़े फैन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



नई दिल्ली। टीम इंडिया के खिलाड़ियों का उसके फैन्स के साथ रिश्ता हमेशा ही नाजुक सा रहता है। जब टीम इंडिया जीतती है तो फैन अपने खिलाड़ियों को सिर–आंखों पर बैठा कर रखते हैं। लेकिन जैसे ही टीम के प्रदर्शन में थोड़ी सी भी गिरावट दिखती है तो फैन्स अपने खिलाड़ियों पर तंज कंसने से भी नहीं चूकते। बुधवार को ओपनिंग बल्लेबाज मयंक अग्रवाल को भी कुछ इसी तरह के अनुभव से रू–ब–रू हुए। मयंक ने आज अपने साथी खिलाड़ियों के साथ अपने ट्विटर अकाउंट पर एक तस्वीर क्या पोस्ट की कुछ फैन उन्हें और बाकी खिलाड़ियों को पोज देने से ज्यादा खेल पर ध्यान देने की सीख देने लगे।

दरअसल मयंक ने जो तस्वीर शेयर की थी उसमें कप्तान विराट कोहली, इशांत शर्मा और ऋषभ पंत के साथ मयंक कहीं पैदल चलते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसी पल को उनके किसी साथी ने कैमरे में कैद कर लिया और मयंक ने यह तस्वीर अपने ट्विटर अकाउंट पर शेयर कर दी। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने इस तस्वीर को कैप्शन दिया, स्ट्रेट आउट वेलिंग्टन (वेलिंग्टन से सीधे बाहर)। इस पर कुछ फैन्स ने खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की तो कुछ तंज कंसने से बाज नहीं आए। एक फैन ने लिखा, स्टॉप पोजिंग, स्टार्ट प्लेइंग (फोटो खिंचाना बंद कीजिए, खेलना शुरू कीजिए)। एक ने अन्य ने लिखा, पंत को अभी के अभी बाहर करो। एक अन्य ने लिखा, बस पोज ही मारते रह जाओ. .. गेम तो जीतना नहीं है। हालांकि कुछ अन्य फैन्स ने टीम की हौसलाअफजाई भी की है।

बता दें इस तस्वीर में दिखाई दे रहे मयंक अग्रवाल और इशांत शर्मा का पहले टेस्ट में प्रदर्शन अच्छा रहा था। मयंक ने दो पारियों में 92 रन अपने नाम किए थे, तो वहीं तेज गेंदबाज इशांत शर्मा ने इस मैच में 5 विकेट अपने नाम किए थे।

## सोनम ने फिर साक्षी को हराया, ओलंपिक क्वालीफायर्स में जगह बनायी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लखनऊ। युवा सोनम मलिक ने अपना दमखम फिर से दिखाते हुए बुधवार को यहां साक्षी मलिक को लगातार दूसरी बार हराया और अगले महीने होने वाले ओलंपिक क्वालीफायर्स में अपनी जगह पक्की की। रोम रैंकिंग सीरीज और हाल में समाप्त हुई एशियाई चैंपियनशिप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाने के कारण 18 वर्षीय सोनम को फिर से ट्रायल्स में भाग लेने के लिये कहा गया और उन्होंने अपनी प्रतिष्ठित प्रतिद्वंद्वी को 62 किग्रा में चित करके जीत दर्ज की। सोनम ने पहले राधिका को हराया और फिर एशियाई चैंपियनशिप में 56 किग्रा की स्वर्ण पदक विजेता सरिता मोर को सेमीफाइनल में 3–1 से पराजित किया। इसके बाद उन्होंने रियो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साक्षी को फाइनल में चित करके जीत दर्ज की। उन्होंने दूसरे पीरियड में साक्षी को चित किया जबकि वह 1–2 से पिछड़ रही थी और मुकाबले में एक मिनट बचा हुआ था। विश्व चैंपियनशिप 2018 की कांस्य पदक विजेता पूजा ढांडा सहित नौ पहलवानों ने 62 किग्रा भार वर्ग के ट्रायल्स में हिस्सा लिया था। मौजूदा विश्व कैडेट चैंपियन अभी कोच अजमेर मलिक की देखरेख में अभ्यास कर रही है।

## न्यूज डायरी



### शिखर धवन ने रोहित संग दोस्ती पर लिखी खास कविता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ओपनर शिखर धवन और रोहित शर्मा की जोड़ी बहुत जल्द एक साथ दिख सकती है। दोनों ही धुरंधर बल्लेबाज चोट से उबर रहे हैं। सोशल मीडिया पर सुपर ऐक्टिव रहने वाले टीम इंडिया के गब्बर यानी शिखर धवन ने अपने ओपनिंग साझेदार रोहित शर्मा के लिए एक खास कविता लिखी है। उन्होंने यह कविता पोस्ट की है। लिखा– खबू निभाई यारी..उन्होंने रोहित शर्मा के साथ तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा– यारी भी की, यारी भी निभाई, खूब सारे रन की पारी भी निभाई... गब्बर और हिटमैन..! बता दें कि वनडे और टी–20 में दोनों बल्लेबाज भारत के लिए साथ में ओपनिंग करते हैं। इन दोनों ने मिलकर ढेरों मैचों में टीम इंडिया को जीत दिलाई है। भारत को न्यूजीलैंड दौरे के बाद साउथ अफ्रीका के खिलाफ 3 मैचों की घरेलू वनडे सीरीज खेलनी है। इसके लिए दोनों बल्लेबाजों की टीम में वापसी हो सकती है।

### वर्ल्ड कप में अब न्यूजीलैंड से भारत की भिड़ंत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। पहले दो मैचों में मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश पर जीत से उत्साह से भरी भारतीय महिला क्रिकेट टीम गुरुवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के अपने अगले मैच में जीत की हैटिट्रक पूरी करके सेमीफाइनल के करीब पहुंचने की कोशिश करेगी। भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया पर 17 रन से और बांग्लादेश पर 18 रन से जीत दर्ज करने के लिए बहुत अधिक मशक्कत नहीं करनी पड़ी। भारत अभी पांच टीमों के ग्रुप ए में दो मैचों में चार अंक लेकर शीर्ष पर है। न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत से हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम सेमीफाइनल के करीब पहुंच जाएगी जो ग्रुप ए और ग्रुप बी से शीर्ष पर रहने वाली दो टीमों के बीच खेला जाएगा। पहले दो मैचों में भारत ने गेंदबाजी में प्रभावशाली प्रदर्शन किया, लेकिन बल्लेबाजी में हरमनप्रीत कौर और स्मृति मंधाना से बड़े स्कोर की उम्मीद है। सोलह वर्षीय शेफाली वर्मा ने अब तक अपने आक्रामक तेवरों का शानदार नजारा पेश किया है।

### डाल ने आसान जीत के साथ वापसी की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अकापुल्को। राफेल नडाल ने मैक्सिको ओपन टेनिस टूर्नामेंट में पाब्लो एंडुजार पर सीधे सेटों में जीत दर्ज करके कोर्ट पर शानदार वापसी की। इसके साथ ही उन्होंने विश्व में नंबर एक रैकिंग फिर से हासिल करने की अपनी मुहिम की सकारात्मक शुरुआत भी की। आस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टर फाइनल में डोमिनिक थीम से हारने के बाद पहली बार किसी टूर्नामेंट में खेल रहे 33 वर्षीय स्पेनिश खिलाड़ी ने हमवतन एंडुजार पर एक घंटे 30 मिनट तक चले मैच में 6–3, 6–2 से जीत दर्ज की। नडाल दूसरे दौर में सर्बिया के मियोमीर केसमानोविच से भिड़ेंगे। नडाल अगर मैक्सिको ओपन में खिताब जीतने में सफल रहते हैं और नोवाक जोकोविच दुबई ओपन के सेमीफाइनल में नहीं पहुंचते हैं तो फिर स्पेनिश खिलाड़ी फिर से नंबर एक रैंकिंग हासिल कर लेगा।

### जनेश पहले दौर में हारे, पेस आगे बढ़े

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। इस सप्ताह के शुरू में भारतीय खिलाड़ियों में शीर्ष रैंकिंग गंवाने वाले प्रजनेश गुणेश्वरन को दुबई ओपन टेनिस चैंपियनशिप के पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा लेकिन अनुभवी लिएंडर पेस युगल में आगे बढ़ने में सफल रहे। प्रजनेश को पहले दौर में आस्ट्रिया के क्वालीफायर और विश्व रैंकिंग में 96वें स्थान पर काबिज डेनिस नोवाक से 4–6, 3–6 से हार का सामना करना पड़ा। यह मैच एक घंटे 17 मिनट तक चला। प्रजनेश इस सप्ताह के शुरू में एटीपी विश्व रैकिंग में नौ पायदान नीचे 134वें स्थान पर खिसक गये थे। उनकी जगह अब सुमित नागल भारत के नंबर एक एकल खिलाड़ी बन गये हैं। नागल भी एक पायदान नीचे खिसके लेकिन उनकी रैंकिंग 127 है। इस बीच युगल में पेस और आस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन की जोड़ी ने पहले दौर में क्रोएशिया के इवान डोडिग और स्लोवाकिया के फिलिप पोलासेक को एक घंटे सात मिनट में 6–4, 6–3 से हराया।